मुंबई( महाराष्ट्र ) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 108
मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## पीएम मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री ने वडोदरा में टाटा विमान परिसर का किया उद्घाटन

**वडोदरा, 28 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज ने सोमवार को सुबह गुजरात के वडोदरा शहर में एक खुली जीप में सवार होकर एक रोडशो किया और सड़क के किनारे खड़े लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री सांचेज ने शहर में हवाईअड्डे से टाटा विमान परिसर तक 2.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर एकत्र लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। दोनों प्रधानमंत्री टाटा विमान परिसर का उद्घाटन किया। मोदी और सांचेज जब यहां टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स केंद्र की ओर आगे बढ़े तो भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कलाकारों ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता एक द्विपक्षीय बैठक के लिए ऐतिहासिक लक्ष्मी विलास पैलेस जाने से पहले टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।




पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वे खुश होंगी। यह सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दशार्ती है। जब मैं गुजरात का सीएम था, तब वडोदरा में ट्रेन के कोच बनाने के लिए एक फैक्ट्री लगाने का फैसला किया गया था। फैक्ट्री को रिकॉर्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार भी कर दिया गया था। आज हम उस फैक्ट्री में बने मेट्रो कोच को दूसरे देशों में निर्यात कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भविष्य में इस फैक्ट्री में बने विमान भी दूसरे देशों में निर्यात किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए रक्षा स्टार्टअप शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का रक्षा निर्यात 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करते हैं।आज हम देश में कौशल और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्ट्री से हजारों नौकरियाँ पैदा होंगी। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स सुविधा सैन्य विमानों के लिए भारत की पहली निजी क्षेत्र की अंतिम असेंबली लाइन है। समझौते के तहत इस सुविधा में 40 विमान बनाए जाएँगे, जबकि विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एयरबस सीधे 16 विमान डिलीवर करेगी। दोनों नेता बाद में ऐतिहासिक लक्ष्मी विलास पैलेस में द्विपक्षीय बैठक करेंगे। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि ॅटाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भारत में इन 40 विमानों को बनाने के लिए जिम्मेदार है।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा सीट से दाखिल किया नामांकन



**ठाणे।** 147 कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा सीट से शिवसेना (शिंदे गुट ) पार्टी प्रमुख एवं प्रत्याशी एकनाथ शिंदे ने सोमवार को भव्य शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनाव निर्णय अधिकारी सजेर्राव म्हस्के-पाटिल के समक्ष भरा. इस अवसर पर एकनाथ शिंदे की अर्धांगिनी लता शिंदे, पिताजी संभाजी शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, बहू वृषाली शिंदे, पोता रुद्रांक्ष शिंदे, सांसद नरेश म्हस्के, प्रताप सरनाईक, रविंद्र फाटक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ठाणे शहर अध्यक्ष आनंद परांजपे, आरपीआय रामदास आठवले, शिवसेना ठाणे शहर महिला संघटक मिनाक्षी शिंदे आदि उपस्थित थे.

## अजित पवार ने बारामती से दाखिल किया नामांकन

**बारामती, 28 अक्टूबर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को बारामती विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। उनके भतीजे और शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार उसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। युगेंद्र पवार को एनसीपी-एसपी ने उम्मीदवार बनाया है। इस बार बारामती सीट पर एक बार फिर पवार बनाम पवार मुकाबला देखने को मिलेगा, क्योंकि इस साल की शुरूआत में हुए लोकसभा चुनाव में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराया था।



अजित पवार ने जून 2023 में एनसीपी का विभाजन कर दिया। अपने चाचा के खिलाफ चुनाव लड़ने के बारे में पूछे जाने पर, जिन्होंने इस सीट पर सात बार जीत हासिल की है, युगेंद्र पवार ने एएनआई से कहा कि उन्हें लगता है कि यह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने से पहले अजित पवार ने रोड शो किया और विश्वास जताया कि बारामती के लोग इस बार भी उन्हें जनादेश देंगे। अजित पवार ने कहा कि हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। जब भी मेरे खिलाफ कोई उम्मीदवार उतारा जाता है तो मैं उसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर लेता हूं और उसी के मुताबिक प्रचार करता हूं। इस बार भी बारामती के लोग मुझे चुनेंगे और मुझे उन पर पूरा भरोसा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं, जबकि सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी। 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 105 सीटें, शिवसेना ने 56 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थीं। 2014 में भाजपा ने 122 सीटें, शिवसेना ने 63 और कांग्रेस ने 42 सीटें हासिल की थीं।

## भगवंत मान के खिलाफ बीजेपी का प्रर्दशन

### वीरेंद्र सचदेवा बोले- वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गंभीर नहीं आप

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर।** दिल्ली भाजपा नेताओं ने आज राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर पंजाब के सीएम भगवंत मान के खिलाफ कपूरथला हाउस में विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। इसे दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी कहा जा रहा है। जब हमें पता चला कि पंजाब के सीएम आज यहां मौजूद हैं, तो हमने उनसे मिलने का अनुरोध किया। आप सुप्रीमो हमेशा पंजाब के सीएम को बचाने की कोशिश करते रहे हैं।




सचदेवा ने आगे कहा कि 26 अक्टूबर को पंजाब में पराली जलाने की 108 घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन पड़ोसी राज्यों हरियाणा और यूपी को दोषी ठहराया गया। अगर वे अभी भी पंजाब में पराली जलाने पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं, तो यह राजनीति है। आज बहुत से लोग बीमारियों से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब सरकार और दिल्ली की आप सरकार वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गंभीर होती तो उन्हें यह ज्ञापन मिल जाता। हमने बताया है कि कैसे यूपी और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। बेहतर होता कि पंजाब के सीएम हमसे मिलते।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा है। दिल्ली को प्रचार नहीं नतीजे चाहिए। दिल्ली और पंजाब के बीच समन्वय क्यों नहीं है और अभी तक कोई कार्ययोजना क्यों नहीं बनी? पंजाब में बढ़ती पराली जलने की घटनाओं के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा जिससे दिल्लीवासी परेशान है और इस संदर्भ में दिल्ली भाजपा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत मान को एक ज्ञापन सौंपने कपूरथला हाऊस स्थित दिल्ली निवास पर पहुंचा पर मुख्य मंत्री भाजपा प्रतिनिधिमंडल से नही मिले।

बाद दिल्ली भाजपा ने ज्ञापन की प्रति पंजाब सरकार के रेजिडेंट कमीश्नर कार्यालय को सौंपी। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, बाँसुरी स्वराज एवं प्रवीन खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, वरिष्ठ सरदार अरविंदर सिंह लवली, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और कार्यालय मंत्री बृजेश राय शामिल थे।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना की एंबुलेंस पर बड़ा आतंकी हमला, तीन आतंकवादी ढेर

**अखनूर।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जहां सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की गई। यह घटना इस क्षेत्र में भारतीय सेना पर एक और हमला है, इससे पहले हाल ही में इसी तरह के आतंकी हमले हुए थे। स्थिति और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट के लिए अपडेट रहें।

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सुरक्षा बलों ने सोमवार (28 अक्टूबर) को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना के एक वाहन पर गोलीबारी करने वाले सभी तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सूत्रों द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों ने आज सुबह करीब 7 बजे जम्मू-कश्मीर के अखनूर में शिव मंदिर के पास बटाल में सेना की एंबुलेंस वैन पर गोलीबारी करने वाले सभी आतंकवादियों को एक गहन मुठभेड़ के बाद मार गिराया।

यह ध्यान देने योग्य है कि यह घटना बारामूला में एक सैन्य वाहन पर आतंकवादियों द्वारा हमला किए जाने के बाद भारतीय सेना के दो जवानों और दो नागरिक कुलियों की जान जाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है।

जारी की गई जानकारी के अनुसार, हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी के खिलाफ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। एक सैन्य अधिकारी ने पहले बताया था कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भी भेजा गया है।

## बैंक धोखाधड़ी के मामले 5 राज्यों में ईडी की कार्रवाई, 503 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक हाई-प्रोफाइल बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जयसवाल, उनकी बिजली कंपनी, कॉर्पोरेट पावर लिमिटेड और इसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके निदेशकों की जांच के हिस्से के रूप में संपत्ति, भवन, बैंक शेष, म्यूचुअल फंड और शेयर - महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बरामद की गईं।

ईडी की जांच यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक शिकायत के बाद आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके मालिकों के खिलाफ दर्ज की गई सीबीआई एफआईआर से शुरू हुई है। आरोप है कि आरोपियों ने ऋण प्राप्त करने के लिए परियोजना लागत विवरण में हेरफेर किया और बैंक धन का दुरुपयोग किया, जिससे 4,037 करोड़ रुपये (ब्याज सहित 11,379 करोड़ रुपये) का गलत नुकसान हुआ।

इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापत्तनम में तलाशी ली थी, विभिन्न दस्तावेजों को जब्त किया था और अपराध की आय को जब्त कर लिया था - सूचीबद्ध शेयरों और प्रतिभूतियों, म्यूचुअल फंड, सावधि जमा और बैंक शेष में कुल 223.33 करोड़ रुपये। 55.85 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गई।

## आम जनता और सामाजिक संस्थाओं को मीरा भायंदर में मेट्रो लाने का श्रेय

भायंदर (उत्तरशक्ति)। चुनाव की घोषणा होते ही मीरा भायंदर शहर मे मेट्रो लाने के श्रेय की लड़ाई जोरों पर है. कोई अपने को मेट्रो मैन बताकर तो कोई सुपर मेट्रो मैन के रूप मे खुद को प्रचारित करने मे लगे हुए दिखाई पड़ रहे है.लेकिन इसका श्रेय आम जनता और समाजसेवी संस्था जलधारा और नागरिक अधिकार मंच को जाता है. ये बाते संस्था द्वारा मीरा रोड के सुरभि हॉल मे आयोजित सत्कार कार्यक्रम मे सामने आयी. इस आयोजन मे मेट्रो लाने के इस आंदोलन मे अग्रणी भूमिका निभाने वाले तमाम समाजसेवी संस्थाओं और नागरिकों का रियल मेट्रो मैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर एक शार्ट फिल्म के जरिये उपस्थित लोगो को इस आंदोलन, संघर्ष और मेट्रो लाने के किये गए सभी प्रयासों की जानकारी दी गयी. गौरतलब है की जब अँधेरी से दहिसर तक मेट्रो की शुरूआत हुई तभी तेजी से विकसित हो रहे मीरा भायंदर शहरवासियों को भी महसूस होने लगा की मेट्रो का विस्तार मीरा भायंदर तक होना चाहिए. जिसके बाद समाजसेवी संस्था जलधारा की पहल पर नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले जनजागरूकता अभियान चलाया गया. राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हो, एमएमआर डीए के अधिकारी सहित शहर के प्रमुख नेताओं, नगरसेवको से मुलाकात की लेकिन नेताओं के उदासीन रवैये के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी. और फिर इसे जनआंदोलन का रूप देते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और लाखों लोगो के समर्थन के बाद आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा और फिर इस मेट्रो मार्ग को हरी झंडी मिल सकी. इस कार्यक्रम मे प्रमुख अतिथि के रूप मे उस समय के तत्कालीन आयुक्त अचुयत हाँगे, पदमश्री पंडित ब्रम्हदेव राम, वरिष्ठ पत्रकार राघवेद्र द्विवेदी, जलधारा चेयरमैन भरत मिश्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के डॉ. अजय दुबे, भगवान कौशिक सहित कई मान्यवर और समाज के बुद्धजीवी और प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे. इस आयोजन मे जलधारा सचिव सुशील मिश्र सहित जलधारा की पूरी टीम का अहम योगदान रहा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नयना वासानी ने किया।










# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है



-ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया।

श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय



कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की।

सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यलड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है ह्न उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया।

निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए।

संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है। आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। स्व का मतलब है स्वाधीनता, राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी स्व को नहीं भूलना है। इस ह्यस्वह्न को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आह्वान का हार्द हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। जब होसबोले देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर हिन्दुओं का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले, संगठित हो।

# क्या भारत को पाकिस्तान से सिंध प्रान्त वापस लेना चाहिए ?



अशोक भाटिया

अजब विडम्बना है कि जब भारत के राष्ट्रगान में सिंध है तो भारत की जमीन पर भी तो सिंध होना चाहिए। जब देश का बंटवारा हुआ था तब आधा पजाब , बंगाल भारत को मिला था फिर क्यों पूरे सिंध को पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया ? यह सवाल पाकिस्तान व भारत के सिंधियों के जहन में आज भी उठता है . आज भी भारत के निवासी व पाकिस्तान के सिंध प्रान्त में रह रहे निवासी अलग सिंध देश बनाए जाने व उसे भारत में मिलाए की मांग कर रहे है। पाकिस्तान में अलग सिंधुदेश की मांग को लेकर रेलियों ने आन्दोलन का रूप ले लिया है . हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत के अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है। सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया।

बिहार के श्री हेमंत सिंह अपनी एक किताब 'आओ हिंद में सिंध बनाएंह्न में कहते हैं कि परंतु, भारतीय इतिहास में सिंध शायद किसी मेले में उंगली से छूट कर गुमा हुआ बच्चा जैसा है, जिसके मिलने की आस आज भी हर हिंदू सिंधी अपने मन में कर रहा है। सिंध प्रांत में हिंदू सिंधियों ने तेजी से तरक्की की थी, क्योंकि सिंध का लगभग पूरा व्यापार ही हिंदू सिंधियों द्वारा किया जा रहा था। वर्ष 1947 आते-आते अल्पसंख्यक हिंदुओं के पास सिंध की 40 प्रतिशत से अधिक जमीन जमा हो गई थी। हिंदू सिंधियों को यह भी स्पष्ट तौर पर समझ में आ रहा है कि बंटवारे में उन्होंने जमीन के अलावा अपनी भाषा, साहित्य, कला, नृत्य, गीत-संगीत, तहजीब, पहनावा, खान-पान आदि कई प्रिय वस्तुएं भी खोई हैं। 5000 वर्षों से अधिक की संस्कृति के हिंदू सिंधी वारिस आज अपने आप को पूर्ण रूप से लूटा हुआ महसूस कर रहे हैं।

इसी संदर्भ में अमेरिका सहित विश्व भर में रह रहे कई सिंधियों द्वारा अब यह मिलाजुला प्रयास किया जा रहा है कि सिंध को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये, इसके लिए सिंध प्रदेश में ही कई प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं जिनमें सिंध प्रांत के नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हालांकि सिंध प्रांत में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय को देखते हुए छिटपुट प्रदर्शन तो लंबे समय से लगातार हो ही रहे हैं। परंतु, अब तो इन प्रदर्शनों को वर्ल्ड सिंधी कांग्रेस, सिंधुदेश लिबरेशन आर्मी, जय सिंधु स्टूडेंट, सिंध नैशनल मूवमेंट पार्टी और सिंध के कई राष्ट्रवादी संगठनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब तो यह वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मांग कर रहा है है कि सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये। कई नागरिक तो अब सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों को भारत में मिलाने के लिए भी अपने आप को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं। दरअसल सिंधी समुदाय के लोग स्वयं को सिंधु घाटी की सभ्यता के वंशज मानते रहे हैं। सिंधी राष्ट्रवादियों का कहना है कि उनके प्रांत पर अंग्रेजों ने जबरन कब्जा किया हुआ था और वर्ष 1947 में सिंध के नागरिकों की इच्छा के विरुद्ध अवैध तरीके से सिंध प्रांत को पाकिस्तान में मिला दिया गया था।

गौरतलब है कि अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया। इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए ह्यसिंधु देश जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है। उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे। लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है। वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है।

पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है। फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीड ? से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है। वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था।

दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था। हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है। ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था।

अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करताहै। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है।

पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है। ऐसे में अलगाववादी रैली में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नजर आने से पाकिस्तान की पेशानी पर फिर सेबल पड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि अलग सिंध देश की मांग से क्या पाकिस्तान के टुकडे होंगे ? होंगे तो कितने होंगे ? सिंध देश यदि अलग बन जाता है तो वहां रहने वाले सिन्धी हिन्दुओं को इसका कितना लाभ मिल सकेगा ?

कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सिन्धु प्रान्त को वापस लेने का समर्थन किया था । उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक सिन्धी सम्मलेन सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया में कहा था कि अगर पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम 'सिंधु' (सिंध प्रांत) वापस न ले पाएं. सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया (यूथ विंग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात कही थी। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा था कि अगर राम जन्मभूमि के लिए कुछ किया जा सकता है जब पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम सिंध प्रांत, जो अब पाकिस्तान में है वापस न ले पाएं ।'

# लेखनी को पलने और बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'



-डॉ सत्यवान सौरभ

देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं एक विशिष्ट साहित्यकार के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा।

देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित ₹स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले लेखक गाँव का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं।

हिमालयीय वैषिश्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी नेअपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। लेखक गाँव का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है।

25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और स्थानों की महत्ता है। ऐसे एकांत और सृजनात्मक वातावरण में लेखकों को आत्म-साक्षात्कार का सजीव अनुभव प्राप्त होता है। लेखक गाँव की मूल परिकल्पना को यथार्थ के धरातल पर उतारते हुए 'लेखक कुटीर' इस परिसर का सबसे महत्त्वपूर्ण और संवेदनाओं को सहेजता है। जीवन के तमाम कड़वे-मीठे अनुभवों और झंझावतों को स्वयं में समेटे ऐसे

**'लेखक गांव' लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और अन्य रचनाकर्मियों द्वारा महसूस की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों का निवारण करने की ओर एक अभिनव पहल है। उत्तराखंड में यह पहला लेखक गाँव भविष्य का पर्यटक गंतव्य बनकर उभरेगा। यह मंच उन लेखकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपने शब्दों के माध्यम से समाज को नयी राह दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। लेखक गाँव के वातावरण में सृजनशीलता का प्रवाह अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित करेगा।**

उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे। देवभूमि उत्तराखण्ड का यह ₹लेखक गाँव₹ प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। यहाँ का शांत और सुरम्य वातावरण लेखकों को सर्जन के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। चिंतन, मनन और स्वयं की खोज में लेखक गाँव जैसे वयोवृद्ध लेखकों के लिए यह परिसर स्वयं में स्नेह और आशीष की छाँव में स्थापित एक ऐसा स्थान है जहाँ प्रतिक्षण मानवता की सेवा चरितार्थ होगी। विश्व के हिमालयीय सरोकारों से जुड़े प्रसिद्ध लेखकों, साहित्य साधकों एवं कालाकारो के नाम से 'लेखक कुटीर' नाम की तख्ती सजी होगी। प्रकृति के आँचल में नाना प्रकार के फूलों की सुगन्धित खुशबू पूरे परिसर को सकारात्मक ऊजार्युक्त तरंगों से महका देगी। अध्ययन, लेखन और जीवन को जीवंत बनाने के लिए 'लेखक कुटीर' में निवास कर रहे लेखकों को यथासम्भव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। लेखक गाँव के ग्रंथालय में समस्त हिमालय राज्यों के साहित्य, संस्कृति, इतिहास, सामाजिक, राजनितिक, भूगोल, दर्शन, धर्म, ज्ञान-विज्ञान आदि विशयों से सम्बंधित ग्रंथो को स्थान दिया गया है और भी दिया जाएगा।

प्राचीन ऐतिहासिक मूर्तियों, चित्रों, सिक्को, पाण्डुलिपियों एवं अन्य दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह किया जाएगा। पहाड़ी चित्र कला, विश्व स्तरीय फोटोग्राफरों के चित्र ग्रंथालय की शोभा बढ़ाएंगे। ग्रंथालय का अतिरिक्त परिवेश निर्मित करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि पवित्रता और शांति का वातावरण बना रहे। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा। पहाड़ी गाँव के भवन निर्माण शिल्प के आधार पर हिमालय ग्रंथालय का निर्माण किया जाएगा जिसमे खोली, छज्जा एवं तिवारी बनाई जाएगी। ग्रंथालय पहाड़ी पत्थर एवं स्थानीय ककाश्ठ से निर्मित किया जाएगा। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा।

लेखक गाँव में आने वाले छात्रों, शोधार्थियों, लेखकों एवं विभूतियों सहित सभी आगंतुकों की आवासीय व्यवस्था, भवन का परिवेश केवल छात्रावास या विश्रामगृह तक सीमित न हो कर सुख, परम शांति और अद्भुत आनन्द से परिपूर्ण घर का पूर्ण आभास प्रदान करेगा। आवासीय परिसर प्रकृति के मध्य आगंतुकों के चित और चिंतन को नव ऊर्जा प्रदान करके आवासीय समय को सकारात्मक, रचनात्मक तथा अविस्मरणीय बनायेगा। ₹लेखक गाँव₹ जैसे स्थान भारत के साहित्य और संस्कृति को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखते हैं। इनमें होने वाले महोत्सव साहित्य, कला और संस्कृति के विविध रंगों को संरक्षित और सशक्त बनाते हुए भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने का संकल्प दोहराते है। लेखक गाँव के स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 ने साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरूकता का नया अध्याय लिखा है। यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड की धरती पर रचनात्मकता का संचार लाया है बल्कि साहित्य, संस्कृति और कला के माध्यम से भारतीय धरोहर को संजोए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

# नेटवर्क मार्केटिंग सवाल आपके, जवाब सूर्या सिन्हा के

-उमेश कुमार सिंह

सूर्या सिन्हा एक ऐसा नाम है जो कई क्षेत्रें में प्रतिभा और नेतृत्व का उदाहरण है। उन्हें एक लेऽक, प्रेरक वक्ता, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में व्यापक रूप से पहचाना जाता है। स्व-सहायता, नेटवर्क मार्केटिंग और प्रबंधन पर उनकी पुस्तकें बहुत ही सरल भाषा में लिऽी गई हैं, जिससे जटिल विषयों को हर किसी के लिए समझना आसान हो जाता है। सूर्या सिन्हा के सबसे उल्लेऽनीय गुणों में से एक सामाजिक सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता है। वे हमेशा गरीबों, अनाथों और बुजुर्गों की मदद करने के प्रयासों में सबसे आगे रहते हैं। दूसरों की सेवा करने के लिए उनकी दयालुता और समर्पण के कारण, उन्हें महागुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया है। अपने सामाजिक कार्यों के अलावा, उन्होंने नेटवर्क मार्केटिंग में भी बड़ी सफलता हासिल की है, जिससे वे महत्वाकांक्षी उद्यमियों और नेटवर्क मार्केटर्स के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। डायमंड बुक्स द्वारा प्रकाजित पुस्तक नेटवर्क मार्केटिंग सवाल आपके, जवाब सूर्या सिन्हा के जिसके लेखक है सूर्या सिन्हा है।

सवाल आपके, जवाब सूर्या सिन्हा के नेटवर्क मार्केटिंग की दुनिया में एक अनमोल कृति है, जिसे हर नेटवर्क मार्केटर को अवश्य पढ़ना चाहिए। यह पुस्तक केवल एक साधारण किताब नहीं है, बल्कि नेटवर्क मार्केटिंग के सफर में आपके लिए एक विश्वसनीय मार्गदर्शक है। प्रसिद्ध लेऽक और प्रेरक वक्ता सूर्या सिन्हा, अपने वर्षों के अनुभव और ज्ञान के आधार पर इस पुस्तक में नेटवर्क मार्केटिंग के हर पहलू को बेहद सरल और सुलभ भाषा में प्रस्तुत करते हैं। पुस्तक के माध्यम से, पाठक न केवल नेटवर्क मार्केटिंग की रणनीतियों को समझते हैं, बल्कि एक सफल नेटवर्क मार्केटर बनने के लिए आवश्यक गुणों को भी सीऽते हैं। सवाल-जवाब की शैली में लिऽी यह पुस्तक हर उस चुनौती और समस्या का समाधान देती है, जिसका सामना एक नेटवर्कर अपने करियर में करता है।

यह पुस्तक आपको सही दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल और नेटवर्क मार्केटिंग की कुशल तकनीकों से लैस करेगी, जिससे आप अपने व्यवसाय में नई ऊंचाइयों को छू सकेंगे। यदि आप नेटवर्क मार्केटिंग में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह पुस्तक आपके लिए एक अमूल्य साथी साबित होगी। सवाल आपके, जवाब सूर्या सिन्हा के पुस्तक, जो आपकी सफलता की कुंजी बन सकती है। सूर्या सिन्हा का कहना है कि आज एक विशेष दिन है, जो मुझे ठीक 22 साल पहले वापस ले जाता है जब मैंने एक उल्लेऽनीय यात्र शुरू की थी, शब्दों, विचारों, सवालों और जवाबों की यात्र। तब मुझे इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि 22 साल बाद फिर से मैं गर्व और कृतज्ञता से भरा हुआ, इस फ्सवाल आपके और जवाब सूर्या सिन्हा केय् श्रृंऽला के दूसरे भाग का अनावरण करने के लिए आपके सामने ऽड़ा हो पाऊँगा।

जैसा कि इसी पुस्तक का प्रथम भाग जो मैंने आज से 22 साल पहले लिऽा था। उसे आप सभी ने दिल से सराहा, प्यार दिया और मुझे अनगिनत पत्र भी लिऽे। जिसका आभार मैं अपने शब्दों में नहीं दे सकता। मेरे पाठकों की ओर से प्यार और सराहना का प्रवाह, गर्मी के दिनों में हल्की मीठी-मीठी सुगन्धित हवा की तरह, जबरदस्त रहा है।

यह पुस्तक आजकल नेटवर्क मार्केटिंग व्यवसाय में आपके सामने आने वाले सभी प्रश्नों और समस्याओं के उत्तरों से भरी हुई है। यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत प्रयास किया है कि इसमें वह सब कुछ शामिल हो जो आपको जानना आवश्यक है। मेरा लक्ष्य है कि यह पुस्तक नेटवर्क मार्केटिंग में शामिल किसी भी व्यक्तिफ के लिए एक उपयोगी संसाधन बन जाए। मुझे पूरा विश्वास है कि एक बार जब आप इसे पढ़ना शुरू करेंगे, तो आपको यह उपयोगी लगेगा और आप इसके बारे में दूसरों को भी बताना चाहेंगे, विशेषकर अपनी टीम के सदस्यों को।

मेरा सचमुच मानना है कि यह पुस्तक भविष्य में बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रऽती है। यह केवल तात्कालिक समस्याओं को हल करने के बारे में नहीं है यह ऐसी अंतर्दृष्टि प्रदान करने के बारे में है जो आने वाले लंबे समय तक मूल्यवान रहेगी। जब आप इसके पृष्ठों पर गौर करेंगे, तो आपको ऐसी रणनीतियाँ और युक्तिफयाँ मिलेंगी जो वास्तव में आपको और आपकी टीम को लाभ पहुँचा सकती है।

इस पुस्तक में उन्हीं सवालों को शामिल किया है, जिन्हें आमतौर पर नए मेम्बर्स अपने सीनियर से पूछते हैं, लेकिन उन्हें उचित उत्तर नहीं मिल पाते। नेटवर्क मार्केटिंग बिजनेस में पदार्पण करने वालों के लिए यह एक प्रकार से प्राइमरी बुक है। यह उनकी बहुत-सी शंकाओं, समस्याओं, परिस्थितियों, उत्सुकताओं का तो निवारण करती ही है, साथ ही परिस्थितिजन्य समस्याओं और कठिनाईयों का भी निवारण करती है। हम कह सकते हैं कि इस बिजनेस में पहले से जुड़े हुए या जुड़ने के इच्छुक लोगों का यह पुस्तक भरपूर मार्गदर्शन करेगी।

पूरे भारतवर्ष में जितनी भी नेटवर्क मार्केटिंग सिस्टम के माध्यम से बिजनेस करने वाली कम्पनियां हैं, उनके बड़े-बड़े लीडर्स ने अपनी-अपनी टीम के लिए इस पुस्तक की संस्तुति की है, यही कारण है कि हमें बार-बार इस पुस्तक के नए-नए संस्करण छापने पड़ रहे हैं। हमें भविष्य की उस दस्तक को सुनना होगा, जो नेटवर्क मार्केटिंग का आगाज कर रही है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां अब अपने और अपने उपभोक्ता के बीच किसी प्रकार का व्यवधान नहीं चाहती। मसलन- स्टॉकिस्ट, एजेन्ट, डिस्ट्रीब्यूटर्स, होल सेलर और रिटेलर कमा रहे हैं, वह लाभ सीधे उपभोक्ता को मिले।

विश्व की बहुत सी बड़ी-बड़ी कम्पनियों ने इस बात को समझा है और अपना व्यवसाय नेटवर्क मार्केटिंग के जरिए करना शुरू कर दिया है। हम बहुत दूर न जाएं, हिन्दुस्तान की अग्रणी कंपनियों ने भी इस सच्चाई को स्वीकार किया है कि भविष्य में अपने उत्पाद बेचने का एक अच्छा जरिया है- नेटवर्क मार्केटिंग। अतः कुछ कम्पनियों ने इस सिस्टम को अब अपना लिया है तथा बहुत सी जानी-मानी कम्पनियां इस खूबसूरत सिस्टम को अपनाने की तैयारियां कर रही हैं। बहुत से महानगरों में इन कम्पनियों के उत्पाद नेटवर्क मार्केटिंग द्वारा बेचे जा रहे हैं और निकट भविष्य में हम देखेंगे कि देश के हर शहर, कस्बों और गांवों तक में नेटवर्क मार्केटिंग द्वारा उत्पाद बेचे जाएंगे।

इस लिहाज से कहा जा सकता है कि नेटवर्क मार्केटिंग बिजनेस का भविष्य बहुत उज्जवल है और इसके विकास की असीम संभावनाएं हैं।

# स्तन कैंसर जागरूकता के लिए पिंक कार्निवल का आयोजन

पटना। पाटलिपुत्र गोलंबर स्थित सन हॉस्पिटल की ओर से 8वां वार्षिक पिंक कार्निवल का आयोजन किया गया। ब्रेस्ट कैंसर मंथ में महीने भर हॉस्पिटल द्वारा मरीज और परिजनों के लिए आयोजित अन्य जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत इस भव्य आयोजन की शुरूआत बिहार विधान परिषद की सदस्य अनामिका सिंह, आईपीएस विनय कुमार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार गोस्वामी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुमा गोस्वामी, समाजसेविका बबीता सिन्हा, महावीर कैंसर संस्थान की डॉ. विनिता त्रिवेदी, डॉ. शेखर कुमार केसरी द्वारा ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े जागरूकता संदेश लिखे पिंक बलून उड़ा कर की गई। इसके उपरांत लगभग 100 कार और 50 बाइक में पिंक कलर में सजे हाथ में पिंक बैलून और जागरूकता संदेश लिए बच्चे व चिकित्सकगण कार रैली में सम्मिलित हुए जो हॉस्पिटल परिसर से शुरू होकर जे पी गंगा पथ होते हुए जलालपुर फन पार्क, जे पी सेतु से उत्तर सोनपुर में जाकर समाप्त हुई। लगभग 10 किलोमीटर की रैली के उपरांत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कार्निवाल के आयोजक और सन हॉसपीटल पाटलिपुत्र के निदेशक वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार गोस्वामी ने कहा की ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर में सबसे पहले नंबर पर है और इस कैंसर में चिकित्सा उपरांत सफलता का प्रतिशत भी काफी अधिक है बशर्ते मरीज शुरूआत में ही चिकित्सक के पास पहुँचे और यह तभी संभव है।

## इंद्रपाल यादव को बनाया गया अखिलेश यादव यूथ ब्रिगेड का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुनील यादव ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिये जौनपुर निवासी इंद्रपाल यादव को अखिलेश यादव यूथ ब्रिगेड का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद का नियुक्ति-पत्र देकर पद भार दिया है। बतादें कि इंद्रपाल यादव समाजवादी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के रुप में जाने जाते है । इनकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी वहीं इंद्रपाल यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके शुभचिंतकों में विजय सरोज , हैदर रिजवान , बिपेन्द्र यादव , जंगबहादुर सरोज , राकेश यादव आदि लोगों हर्ष जताते हुये शुभकामनाएँ दिये हैं ।

## चारकोप विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर यशवंत सिंह ने किया पर्चा दाखिल



**मुंबई(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव लड़ने के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। इसलिए उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सिर्फ एक दिन शेष हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर ठाकुर यशवंत सिंह ने मुंबई के चारकोप विधानसभा क्षेत्र में विरोधी पार्टीयों को पटखनी देने हेतु ताल ठोक दी है। कांग्रेस उम्मीदवार ठाकुर यशवंत सिंह ने समर्थकों के भारी हुजूम के साथ सोमवार 28 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। कांग्रेस उम्मीदवार ठाकुर यशवंत सिंह के पर्चा दाखिल करने के पश्चात समर्थकों ने मालाएं पहनाकर जीत के लिए शुभकामनाएं दी। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले कांग्रेस उम्मीदवार ठाकुर यशवंत सिंह द्वारा जोरदार रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के अलावा महाविकास आघाड़ी में शामिल अन्य पार्टियों के भी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## वडाला के रामलीला महोत्सव में दिखी सर्वधर्म समभाव की झलक



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गत 54 वर्षों से वडाला पूर्व नाडकर्णी पार्क में आयोजित श्री रामलीला उत्सव समिति के मंच पर सर्व धर्म समभाव की झलक देखने मिली। आयोजक राकेश पांडेय द्वारा हर वर्ष श्री रामलीला के माध्यम से हिंदी भाषियों को रामलीला का मंच उपलब्ध किया जाता है। श्री रामलीला महोत्सव में आरटीआय कार्यकर्ता अनिल गलगली, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता उदय प्रतापसिंह शिवसेना सायन विभाग के विभाग प्रमुख गोपाल शेलार, हजरत शेख मिस्त्री दर्गा के मुजावर, रेल्वे बोर्ड के सदस्य एवं सरस्वती क्लासेस के मुखिया प्रोफेसर दयानंद तिवारी, उपविभाग प्रमुख शिवाजी गावडे, राजेश कुचिक, शाखाप्रमुख प्रकाश हसबे, सचिन खेडेकर, समाधान जुगदर, कानिफनाथ सोनवणे, मनसे नेता शेखर जाधव, काँग्रेस नेता उस्मान गणी, मुन्ना खान, शानुर शेख व कलाकार मंडल के बच्चन तिवारी, नरेंद्र पांडे, उपेंद्र धिंगाण, उद्योगपती रमेश शुक्ला, बालकृष्ण तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, मोहन माली गोकरण प्रसाद त्रिपाठी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 पालघर जिले में 27 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 हेतु सोमवार 28 अक्टूबर 2024 को पालघर जिले से 27 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें 128 दहानू (अ.ज.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विनोद भिवा निकोले (भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी), रडका रूपजी कलांगडा (भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी), संतोष रामजी ठाकरे। (बहुजन समाज पार्टी), सुरेश अर्जुन पाडवी (बहुजन विकास अघाड़ी) 129 विक्रमगढ़ (अ.ज.) विधानसभा क्षेत्र से मोहन बारकु गुहे (भारतीय ट्राइबल पार्टी), रवींद्र विलास खुताडे (निर्दलीय), मनोज विलास वाघ (निर्दलीय), संपत सावंजी पवार (निर्दलीय), सुनील चंद्रकांत भुसारा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार), सचिन दामोदर सिंगडा (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना), काशीनाथ लक्ष्मण पागी (मार्क्सवादी लेनिनवादी पार्टी ऑफ इंडिया) (रेड फ्लैग), प्रकाश कृष्णा निकम (निर्दलीय), हरिश्चंद्र सखाराम भोये (भारतीय जनता पार्टी), आकाश चंद्रकांत शिंदे (निर्दलीय) 130 पालघर (अ.ज.) विधानसभा क्षेत्र से सुरेश गणेश जाधव (बहुजन समाज पार्टी)आदि।

# शक्ति प्रदर्शन के साथ कुमार आयलानी ने भरा नामांकन

**चेतन निर्मल संवाददाता उल्हासनगर(उत्तरशक्ति)।** सोमवार को भारी जनसमूह के बीच शहर के भाजपा व महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन भरा। नामांकन के साथ ही अब चुनाव प्रचार की रणभेरी बज गई है। इस दौरान भाजपा व महायुति के पदाधिकारी भी रैली में शामिल हुए। गाजे बाजे और भारी जयघोष के बीच कुमार आयलानी के कार्यालय के बाहर से नामांकन के लिए काफिला रवाना हुआ। महाराष्ट्र के आराध्य शिवाजी महाराज व संविधान निमार्ता बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लेकर कुमार आयलानी नामांकन के लिए निकले।

विकास कार्यों की झलक दिखाती एलईडी व कर्णप्रिय संगीत के साथ रथ, खुली जीप में सवार होकर कुमार आयलानी नामांकन यात्रा पर निकले साथ ही पूर्व महापौर मीना आयलानी भी एक खुली गाड़ी में तमाम महिलाओं के साथ निकलीं। इस दौरान कल्याण पूर्व से भाजपा की प्रत्याशी सुलभा गायकवाड़,पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटील,विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनु पुरस्वानी, जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, धीरज आयलानी, किरण सोनावणे, विक्की भुल्लर, महेश



सुखरमानी, नाना बागुल, लाल पंजाबी, नरेंद्र राजानी, प्रकाश माखीजा, राजू जग्यासी, प्रकाश नाथानी, मनोज साधनानी, रवी जग्यासी, अर्चना करणकाले समेत बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, भाजपा एवं मित्र पक्षों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस नामांकन रैली में शामिल हुए। बतादें की शहर व शहर के लोगों के अभूतपूर्व विकास के उद्देश्य को लेकर कुमार आयलानी एक बार फिर से चुनावी बिगुल बजा दिए हैं।

कुमार आयलानी के कार्यालय से शुरू होकर मनपा कार्यालय के रास्ते 17 सेक्शन होते हुए पवई स्थित एसडीओ कार्यालय तक यह रैली निकाली गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। इस दौरान कुमार आयलानी व मीना आयलानी ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तर तायक्वांडो मुकाबले में स्वयं सिद्धि गुरुकुल स्कूल के छात्र विजेता

**आचार्य सूरजपाल यादव भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के सी ए सुरेश जैन द्वारा संचालित स्वयं सिद्धि गुरुकुल स्कूल के 6वीं कक्षा के छात्र कुमार विराज रोहित गननारा ने ठाणे जिला स्तर आयोजित तायक्वांडो प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया और उनका चयन कोकण विभाग स्तर पर होने वाले तायक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है । छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए स्कूल के ट्रस्टी सी ए सुरेश जैन हमेशा प्रेरणा देते रहे हैं । स्कूल की प्रधानाचार्य गीता आगरे व क्रीड़ा शिक्षक काटकर ने विराज को प्रोत्साहित करके उसे प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मार्गदर्शी बने । जिससे अन्य



छात्रों के हौसले बुलंद हैं । वरिष्ठ प्रोफेसर महेश सोनी ने बताया कि स्वयं सिद्धि गुरुकुल में छात्रों को देश के हर प्रकार के खेल से संबंधित जानकारी दी जाती है और प्रतियोगिता में हिस्सा बनने के लिए भेजा जाता है, उन्हें जीत हासिल करने के लिए विशेष ट्रेनिग ट्रेनर द्वारा ट्रेंड किया जाता है जिससे जीत हासिल करने के बाद अपना और गुरुकुल एवं शहर का नाम रोशन हो ।

## सामाजिक दायित्व परिवार की तरहः डॉ राधेश्याम तिवारी

### भारतीय सद्विचार मंच ने किया शिवपूजन पांडे का सम्मान

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सामाजिक दायित्व परिवार की तरह होता है। जिस तरह से हम अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, इस तरह समाज के प्रति भी हमारी जिम्मेदारियां होती हैं। भारतीय सद्विचार मंच द्वारा दहिसर पूर्व स्थित भारतीय सद्विचार मंच समाज कल्याण सभागृह में आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए संस्था के संस्थापक तथा वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राधेश्याम तिवारी ने उपरोक्त बातें कही। संस्था द्वारा विगत दिनों महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों भारत रत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड मिलने पर वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर



उपस्थित रहने वाले सम्मानित लोगों में संस्था के अध्यक्ष डॉ शिवश्याम तिवारी, उपाध्यक्ष पंडित कमलाशंकर मिश्रा, मार्गदर्शक डॉ हृदय नारायण मिश्रा, उपाध्यक्ष बैजनाथ मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकांत पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रमणि दुबे, समरस फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अभय मिश्रा, समाजसेवी हरिशंकर तिवारी, युवा समाजसेवी अभय चौबे, समाजसेवी ब्रह्मदेव सिंह आदि का समावेश रहा।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रवक्ता राजीव मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में संस्था के पदाधिकारी मनोज चतुर्वेदी,गणेश पांडे,बी एम गुप्ता,सुभाष दुबे,हेमंत पांडे ,शिशिर पांडे ,रत्नेश दुबे,रामप्रकाश तिवारी,बाबा तिवारी,कमलाकांत त्रिपाठी,उमेश सिंह, अजय तिवारी, इंद्रेश चौरसियाआदि का समावेश रहा। अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ शिवश्याम तिवारी ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चांदिवली विधानसभा से नसीम खान ने दाखिल किया नामांकन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सोमवार को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मो. आरिफ (नसीम) खान ने चांदीवली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने आज सुबह ठीक 10 बजे साकीनाका मेट्रो स्टेशन, 90 फीट रोड, काजुपाड़ा पाइपलाइन से एलबीएस रोड होते हुए विद्याविहार स्थित 168 चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बता दें कि साकीनाका से लेकर विद्याविहार चुनाव कार्यालय तक करीब 8 से 10 हजार लोगों का जनसैलाब दिखाई दिया। जगह-जगह महिलाओं ने आरती उतारकर उन्हें चुनाव जीतने का आशीर्वाद दिया और फूल-मालाओं की वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक भाई जगताप, पूर्व मंत्री सुरेश शेट्टी, मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा शिवसेना (उबाठा) के विजू शिंदे, सोमनाथ सांगले, एस अन्नामलाई, बालाजी सांगले, सनी आचरेकर,



प्रशांत नलगे, हीरालाल यादव, बालकृष्ण गेट, मयूर राठौड़, उमाकांत भांगिरे, प्रशांत मोरे, चंदन सावंत, साईनाथ कटके राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) मुंबई महासचिव बाबू बट्टेली, तालुका अध्यक्ष अबू स्वालेहा, रत्नाकर शेट्टी, व्यासदेव पवार, चेतन जाधव, फरमान रेन, शांताराम मोरे, आरिफ शेख, राजेंद्र धवल, महिला तालुका अध्यक्ष छाया मयेकर के साथ समाजवादी पार्टी और अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महेश गायकवाड ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुये नामांकन भरा

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** सोमवार को कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना के शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने महायुति से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरा। नामांकन भरने से पहले महेश गायकवाड ने कल्याण पूर्व में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। तिसगांव स्थित उनके जनसंपर्क कार्यालय से एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें में हजारों की संख्या में महेश गायकवाड को मानने वाले कार्यकर्ता शामिल थे। रैली के बाद मनपा ड प्रभाग कार्यायल पर स्थित भारत रत्न डॉ.बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा को अभिवादन करने के बाद महेश गायकवाड ने निर्वाचन



अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पेश किया।

इसके उपरांत मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बीते 15 वर्षों में कल्याण पूर्व की दुर्दशा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भ्ष्टार्चार और लापरवाह जनप्रतिनिधि के खिलाफ यह आम जनता का चुनाव है। एक सवाल के जवाब में गायकवाड ने कहा कि विरोधी हमें युति धर्म ना सिखाएं, क्योंकि बीते लोकसभा चुनाव में श्रीकांत शिंदे महायुति के प्रत्याशी थे, तब सुलभा गायकवाड ने खुलकर ठाकरे गुट की प्रत्याशी वैशाली दरेकर का प्रचार किया था। तब युति धर्म का पालन क्यों नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कल्याण पूर्व में बदलाव लाने के लिए जनता ने मुझे समर्थन दिया है।

## घाटकोपर में ओंकार अंध केईवीके सोसाइटी की ओर से 36वां दीपावली उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ओंकार अंध केईवीके सोसाइटी घाटकोपर, मुंबई की ओर से अंध महिला-पुरुषों के लिए 36वां दीपावली सप्रेम उपहार कार्यक्रम रविवार को घाटकोपर पूर्व पंतनगर के अरुणकुमार वैद्य मैदान में आयोजित किया गया। हर साल की तरह इस साल भी संस्था के सक्रिय सदस्य देवरे पाटील और धर्मेश गिरी की पहल से दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद 3500 अंध महिला-पुरुषों को ओंकार अंध केईवीके सोसाइटी की ओर से फराल, किराना, मिठाई आदि के साथ खाद्य सामग्री के उपहार वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नम्रमुनी महाराज, पूर्व सांसद मनोज कोटक, विधायक पराग शाह, विकासक सुंदर भाई शाह, चंद्रकांत घोघरी, और संस्था के प्रमुख पदाधिकारी देवरे पाटील, धर्मेश गिरी, नितिन शाह, विपुल मेहता आदि के हाथों से उपहार वितरित किए गए। इस दौरान सभी उपस्थित जरूरतमंदों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी। इस दीपावली उपहार कार्यक्रम से राज्य भर के कोकण, विदर्भ, मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और मुंबई के 3500



अंध भाइयों-बहनों और विधवा महिलाओं को लाभ मिला है।

राज्य भर के विभिन्न स्थानों से आये हुआ अंध व्यक्तियों को दीपावली उपहार वितरण किए जा रहे हैं और गुजरात में भी ओंकार अंध केईवीके सोसाइटी की ओर से उपहार वितरित किए जाता हैं, ऐसा आयोजक देवरे पाटील और धर्मेश गिरी ने बताया। इस वितरण कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता और सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। इस उपक्रम को सफल बनाने के लिए ओंकार अंध केईवीके सोसाइटी के सदस्य अशोक टी. देवरे पाटील, धर्मेश गिरी, प्रविणभाऊ तन्ना, विपुलभाई मेहता (फोटोग्राफर), कमलेशभाई ठोसानी (कैटरर), डॉ. अनिल सेमवाल, निरुपा नितिन शाह, सचिन रूपारेल, विपुल के. पारेख, भावेश गिरी और अन्य सहयोगियों ने मेहनत करके इस दीपावली उपहार कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम मे राज्य भर से आए अंध भाई-बहनों के लिए घाटकोपर स्टेशन से अरुण कुमार वैद्य मैदान तक आने-जाने के लिए रिक्शा की व्यवस्था की गई थी।

## ई- मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी ने हाजीपुर में नया स्टोर खोला, सभी दवाओंपर 20% की छूट

**मुंबई/हाजीपुर।** ई- मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी , जो कि स्वास्थ्य और फामेर्सी क्षेत्र में एक अग्रणी नाम है, ने आज हाजीपुर के सुभाष चौक पर अपने नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। यह नया स्टोर टाइटल ₹ट्रस्टेड मेडिसिन्स एंड अफोर्डेबल केयर₹ के साथ, सभी दवाओं और हेल्थकेयर उत्पादों पर स्थायी रूप से फ्लैट 20% छूट प्रदान करेगा।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती देवांती देवी और स्टोर के फ्रेंचाइजी मालिक श्री सुजीत कुमार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों में श्री बी अलंकार के मालिक श्री बीरेंद्र प्रसाद, श्रीमती विनीता शाओ, श्री राजूजी, श्री जितेंद्र कुमार जी, और मिस साक्षी और श्रेया शामिल थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37







स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# थाना बदलापुर, एसटीएफ व महाराष्ट्र की संयुक्त पुलिस टीम ने तमंचा व कारतूस संग अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना बदलापुर, एसटीएफ व महाराष्ट्र की संयुक्त पुलिस टीम ने तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार- थाना बदलापुर, एसटीएफ व महाराष्ट्र की संयुक्त पुलिस टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के वांछित अभियुक्त देवा प्रजापति पुत्र अजय प्रजापति निवासी ग्राम नेवादा मुखलिशपुर थाना बदलापुर जौनपुर को थाना स्थानीय के पुलिस टीम के मदद सें समय 21.40 बजे दिनांक 27.10.24 को गिरफ्तार किया गया एवं तलाशी से एक अवैध पिस्टल व 02 कारतूस बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय जौनपुर के समक्ष प्रेषित किया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त-1.देवा प्रजापति पुत्र अजय प्रजापति नि0 ग्राम नेवादा मुखलिशपुर थाना बदलापुर जौनपुर। विवरण अभियोग-मु0अ0सं0-174/24 धारा-3/25(1)(ब) आर्म्स एक्ट 37(1)/ 135 महाराष्ट्र पुलिस अधि0 1951 थाना बसई कमिश्नरेट महाराष्ट्र। बरामदगी विवरण-एक देशी अवैध पिस्टल व 02 जिन्दा कारतूस।



# दोस्त को बचाने गया युवक खुद गंगा में डूबा

**डॉ.एस.के.मिश्र ज़िला संवाददाता**

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। वाराणसी मीरघाट पर गंगा में डूब रहे अपने दोस्त को बचाने गया युवक खुद डूब गया। सेल्फी लेने के चक्कर में यह हादसा हुआ। सूचना के बाद पहुंची दशाश्वमेध थाने की पुलिस एनडीआरएफ की मदद से शव को बाहर निकलवाकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। बिहार से सिवान जिले के कुशवाहा नगर निवासी डबलू कुमार (24 वर्ष) अपने दो दोस्तों बिट्ठू और प्रदीप के साथ काशी भ्रमण पर आया था। तीनों दोस्त मीरघाट पर पहुंचे और गंगा में स्नान करने लगे। इसी दौरान सेल्फी लेने के चक्कर में प्रदीप कुमार असंतुलित होकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। प्रदीप को डूबता देख डबलू उसे बचाने के लिए गया और गहरे पानी में डूब गया। जबकि स्थानीय लोगों ने प्रदीप को बचा लिया। जलपुलिस, एनडीआरएफ की टीम ने शव बरामद किया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी। वहीं आगे की कार्रवाई में जुटी रही।



# कृपाशंकर सिंह की फार्च्यूनर गाड़ी का हुआ एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

**बख्तियार आलम संवाददाता**

**गाय को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा**

जौनपुर। 73 लोकसभा जौनपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी व पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह की गाड़ी का सोमवार की सुबह जौनपुर वाराणसी मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया। जानकारी के अनुसार पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह रविवार को मुंबई से जौनपुर के सिद्धार्थ उपवन लान में आयोजित पूर्वांचल युवा महोत्सव में भाग लेने आए थे। सोमवार की सुबह श्री सिंह अपनी फार्च्यूनर गाड़ी संख्या यूपी62 सीवाई 0018 से आवास से दिल्ली जाने के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट जा रहे थे कि जैसे ही वो जौनपुर बाबतपुर के मध्य अमूल डेयरी के पास एक गाय अचानक उनकी गाड़ी के सामने आ गई। गाय को बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लगाकर गाड़ी को नियंत्रित करना चाहा परंतु तब तक उनकी गाड़ी आगे जा रही पुलिस की गाड़ी से जोर से टकरा गई। जिससे वो बाल बाल बच गए लेकिन फार्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए। उसके बाद वो पुलिस की गाड़ी में बैठकर बाबतपुर पहुच दिल्ली के लिए रवाना हुए। कृपाशंकर सिंह ने बताया कि ईश्वर की कृपा और लोगों के आशीर्वाद से वे पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ है। जोर से झटका के चलते उनकी कमर में थोड़ा दर्द जरूर है, परंतु घबराने की कोई बात नहीं है।

# जौनपुर की साखी सिंह रघुवंशी बनीं राजस्थान न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिले का नाम किया रोशन

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.जेपी सिंह की पुत्री साखी सिंह रघुवंशी ने अपने पहले ही प्रयास में राजस्थान न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। साखी की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है। साखी सिंह रघुवंशी का यह चयन युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हो सकता है। अपने कठिन परिश्रम और लगन से उन्होंने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उनके इस महत्वपूर्ण सफर में माता-पिता का सहयोग और समर्थन महत्वपूर्ण रहा है।और इस सफलता के पीछे उनकी दृढ़ निश्चय और समर्पण की भावना मुख्य रूप से शामिल है। साखी के पिता, डॉ.जेपी सिंह, ने अपनी बेटी की इस कामयाबी पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि साखी की यह सफलता सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि अगर लगन और कड़ी मेहनत की जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने सभी शुभेच्छुओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि साखी को हर कदम पर परिवार और दोस्तों का समर्थन मिला है।साखी की इस सफलता पर जिले भर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। डॉ. जेपी सिंह को शुभकामनाएं और साखी को आशीर्वाद देते हुए सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साखी सिंह रघुवंशी ने अपनी इस उपलब्धि को समर्पित करते हुए कहा कि उनके माता-पिता और गुरुजनों के सहयोग और मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की है। उन्होंने सभी युवाओं को संदेश दिया कि धैर्य और संकल्प के साथ यदि सही दिशा में प्रयास किया जाए।तो सफलता अवश्य मिलती है। इस चयन से न सिर्फ डॉ.जेपी सिंह के परिवार को गर्व महसूस हो रहा है, बल्कि पूरे जनपद के लोग भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त कर रहे हैं।




# पत्रकार एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध के लिए जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। शासन के निर्देश के क्रम में पत्रकार बंधुओं एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने हेतु जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शासन प्रशासन द्वारा संचालित विकास परियोजनाओं का आम जनमानस में मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार-प्रसार व जनजागरुकता पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार को रोकने में मीडिया प्रतिनिधि सहयोग करे जिससे भ्रामक खबरों को नियंत्रित करने के साथ ही उसकी सत्यता की पुष्टि की जा सके।

जिलाधिकारी के समक्ष पत्रकार बन्धुओं के लिए हेल्थ कार्ड, वरिष्ठ पत्रकार हेतु पेंशन, आदि के बारे में चर्चा की गयी, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा शासनादेश के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश जिला सूचना अधिकारी को दिया गया।बैठक में पत्रकार बंधुओ ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा से अनाधिकृत रूप से प्रेस लिखी हुई गाड़ियों पर कार्यवाही कराने का अनुरोध किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें कार्यवाही कराने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह, जिला स्तरीय स्थायी समिति के सदस्य शुभांशु जायसवाल, कृपाशंकर यादव, कैलाशनाथ मिश्र, संजय अस्थाना, आदर्श कुमार, लोलारक दूबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कबीर ने दिया एकता का संदेशः डॉ.सुजीत कुमार साधो

**रियाजुल हक संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी भवन में जनसंचार विभाग द्वारा आज के समय में कबीर विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने आज के परिवेश में कबीर की महत्ता पर विस्तार से अपनी बात रखी. साधो ये मुरदों का गांव, पीर मरे पैगम्बर मरिहैं, मरि हैं जिन्दा जोगी,राजा मरिहैं परजा मरिहै कबीर की साखियों को रागमय प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. मुख्य वक्ता डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि कबीर दास का सन्देश जीवन में गहरी आध्यात्मिकता को दर्शाता है। उन्होंने धर्म, जाति और समुदाय की सीमाओं से परे एकता का संदेश दिया। उन्होंने यह सिखाया कि सत्य की खोज बाहरी दुनिया में नहीं बल्कि अंदर के मन में करनी चाहिए।कबीर की वाणी आज भी सामाजिक समरसता और मानवता की दिशा में प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि काम, मद, क्रोध से हम भरे पड़े है। आज प्रतिस्पर्धा के दौर में रिश्तों की गर्माहट और सामूहिकता की भावना समाप्त हो रही है। इसलिए आज धन और वैभव होने के बाद भी लोग सुखमय जीवन नहीं जी पा रहे है। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि कबीर ने समाज को जोड़ने और मानवता की राह दिखने में बड़ी भूमिका अदा की. संत कबीर दास जी ने बड़े सहज तरीके से समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया जो आज भी प्रासंगिक है। अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार एवं संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. इस अवसर पर डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. शशिकांत, डॉ सुरेन्द्र कुमार यादव, डॉ अवधेश मौर्य समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।












# भव्य समारोह के साथ संपन्न हुई डॉ.रिजवी लर्नर्स का वार बीट प्रतियोगिता

**डॉ.इम्तियाज अहमद ज़िला संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। डा.रिजवी लर्नर्स एकेडमी के प्रागंण में अंतर्विद्यालयीय 'सूचना एवं तकनीकी' जिसका शीर्षक था वार बीट 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के कुल 17 विद्यालयों के कुल 300 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में कुल चार कार्यक्रम किए गए थे। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जनपद स्तर पर पहली बार संपन्न हुई इस भव्य प्रयोगिता की सफलता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि माननीय मोहित सिंह भाटिया ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन के क्रियान्वयन से छात्रों में शैक्षिक ज्ञान के अतिरिक्त उनके जीवन के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम, सदभाव, शिष्टाचार व भाईचारा के महत्व को बल मिलता है।

इस अवसर पर डी० पी० एस० प्रयागराज से पधारे विशिष्ट अतिथि मोहम्मद शोएब ने कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए विद्यालय संगठन के 'सभी आयोजकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय की सह संयोजक व अनेक अलंकरण से विभूषित लोकप्रिय प्रधानाचार्या डा.रूचि शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया व विद्यालय के प्रबंधक करार हुसैन रिजवी ने विद्यालय परिवार की तरफ से सबको हार्दिक बधाई दी।आज हुए प्रोग्राम की पहली प्रतियोगिता में डॉ.रिजवी लर्नर्स एकेडमी की प्रथम जिज्ञासा यादव व शहीर अहमद रहे,सेन्ट पैट्रिक्स स्कूल से द्वितीय नमन कुमार उपाध्याय शिवांश प्रताप सिंह, होली चाइल्ड एकेडमी जौनपुर से थे तृतीय पर ध्रुव श्रीवास्तव व अकशज मिश्रा रहे।दूसरी प्रतियोगिता में डॉ.रिजवी लर्नर्स एकेडमी से प्रथम प्रगया आनन्द व यशिता रही नेहरू बलोद्यान से द्वितीय अपेक्षा मिश्रा एवम अयन्तिका भारद्वाज रहे। डालिम्स सनबीम स्कूल से तृतीय पर नियति गुप्ता व अदबिया सिद्दिकी रही।तीसरी प्रतियोगिता में डालिम्स सनबीम स्कूल की आरव राय अब्दुल मलिक खान प्रथम रहे, उमानाथ सिंह स्कूल से द्वितीय- प्रजवल सिंह वैभव सिंह रहे सेन्ट जेवियर स्कूल बदलापुर से तृतीय स्थान पर अंश तिवारी एवम आदर्श यादव रहे।वही चौथी प्रतियोगिता में डालिम्स सनबीम स्कूल टीम से शोर्य जयसवाल, मो.समित कादिर, समीर वर्मा, अरबाब शाहिद प्रथम स्थान पर रहे सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# सजगता से ठगी का शिकार होने से बचा दुकानदार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। अहियापुर निवासी संतोष कुमार अग्रहरी की श्री अतुल्यम पावर एंड हैंड टूल्स नाम से दुकान कचहरी रोड (मियांपुर रोड)पर स्थित है। सूझ बूझ व सजगता से धोखाधड़ी का शिकार होने से बचने पर बताया कि एक अनजान काल आया और उसने मेरा नाम लेकर बोला आप संतोष जी बोल रहे हैं मैंने बोला हां बोल रहा हूं उसने कहा मुझे समान चाहिए वो मेरे द्वारा एक मशीन लेने की इच्छा जताई बोले कितने का है मैंने उन्हें सामान का दाम बताया बोला क्या आप डिलीवरी भी करवाते हैं मैंने बोला करवा दूंगा बोले आप फलां स्थान पर आ जाइए और उन्होंने कहा मैं आपके अकाउंट में पैसा भेज दे रहा हूं।आप मेरे को अकाउंट नंबर भेज दीजिए मैंने बोला नहीं मैं अपना स्कैन भेज दे रहा हूं बोला नहीं स्कैन से नहीं भेज पाऊंगा मैंने बोला मेरे मोबाइल नंबर से भेज दीजिए वो बोला नहीं वह मेरे अधिकारी आर्मी में हैं ।वो ही भेजेंगे वह फोन पे,गूगल पे नहीं चलाते हैं अकाउंट नंबर भेज दीजिए उसी से वो भेजेंगे मैंने बोला ठीक है भेज रहा हूं। मेरे अकाउंट नंबर भेजने के बाद उसका फोन आया बोले लाइन पर रहिए मैं पैसा भेज रहा हूं और वो पैसा भेजा, पैसा आने का संदेश, संदेश बॉक्स के द्वारा आया न कि फोन पे या गूगल पे के मैसेज से, रुपए एक बार में 9 हजार, दूसरी बार में 10,000 हजार, तीसरी बार में बोले 1000 और भेज रहा हूं जबकि सारे पैसे एक साथ भी आ सकते थे। मुझे उसी समय शक हो गया था 1000 की जगह 10000 का संदेश आया। लाइन पर तो मैं था ही उधर से वो बोला कि संतोष जी 1000 जी की जगह मैं गलती से 10,000 भेज दिया हूं। कृपया 9000 मुझे वापस भेज दीजिए। मैं बोला आपको सामान देने आ रहा हूं। उसी समय वापस कर दूंगा। वो बोला अभी भेज दीजिए अभी मैं आ रहा हूं। मैं वही बात पुनः बोल कर फोन को बंद किया। उसके बाद मैने अपने बैंक अकाउंट में आए हुए रुपए चेक किया तो एक रुपए भी नहीं आए थे। मैंने उसे फिर फोन लगाया और बोला की अकाउंट में तो एक रुपए भी नहीं आए हैं। केवल मैसेज ही आया है। उसने बोला ठीक है देख रहा हूं और फोन बंद कर दिया।

इस समय ये फ्रॉड वाले कई तरीकों से,धोखे से पैसा कमाने का तरीका अपना रहे हैं कृपया आप सभी लोग सजग रहे, सचेत रहें। पैसे बहुत मेहनत से आते हैं। बहुत मेहनत से कमाए जाते हैं जरा सी भी आप से चूंक हुई सावधानी हटी दुर्घटना घटी वाली कहावत चरितार्थ हो जाएगी कृपया लोग अपने बुद्धि, विवेक से किसी भी बात को देखें। समझें तब कोई कार्य को बढ़ाएं अर्थात कोई कदम उठाएं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं को निर्देशित किया कि लोन लेने में कोई कठिनाई हो तो अवगत कराए और अधिक से अधिक लोन लेकर व्यवसाय करना शुरू करे। जनपद की सीडी रेशियो को 60 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। सीड़ा में लोन मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ओ0डी0ओ0पी0 एम0डी0ए0 को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी निवेशको को आश्वस्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्षो को प्राथमिकता के आधार पर निवेशको की समस्याओ का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये है। निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित पत्रावलियो पर जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी मित्र को लम्बित पत्रावलियों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी निवेशको की समस्याओं को समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में अब तक हुए कुल एम0ओ0यू0 को तथा जी0वी0सी0 में प्रतिभाग करने वाले निवेश को को किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, सहित अन्य अधिकारीगण, उद्यमी संगठनो के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

TV उत्तरशक्ति NEWS
कार्यालय
उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)
निकट- हुमा मस्जिद वार्ड नम्बर-35, मुफ्ती मोहल्ला
जनपद- जौनपुर (उ0प्र0)- 222001
कार्यालय 9695970605
मुख्यालय 9554493941
E-mail: uttarshaktijaunpur7066@gmail.com
विज्ञापन, सूचना सम्बन्धित खबरों के लिए सम्पर्क करें।
Website-www.uttarshakti.co.in
YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS
हर खबर निष्पक्षता के साथ

# सिकरारा पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने वाले 2 महिला समेत 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**अंधविश्वास का उपयोग कर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने की देते थे प्रेरणा**




जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सिकरारा पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन हेतु भय एवं अंधविश्वास का उपयोग कर लोगों को बहकाने वाले ईसाई धर्म अपनाने की प्रेरणा देने वाले अभियुक्त गणों को आज थाना क्षेत्र के ग्राम बढौली नोनियान से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से दो बाइबिल बरामद किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 269/2024 धारा 191(2) बीएनएस व धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेद अधि0 थाना सिकरारा जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया। राम बाबू गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गौतम निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना मडियाहूं जनपद जौनपुर संजीव कुमार गौतम पुत्र स्व0 लालचन्द्र गौतम निवासी ग्राम दुगोली थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। रोशनी गुप्ता पुत्री राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम कनकपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।रोहिता उर्फ आंचल पुत्री राजेन्द्र चौहान बढौली नोनियान थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा द्वारा जिला कारागार का



औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जेल में सभी व्यवस्थाएं देखी गई तथा व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप पाई गई। जिलाधिकारी के द्वारा कैदियों के रहन-सहन, भोजन, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों की गहन तलाशी ली गई और बंदियों के सामान की जांच की गई। आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को नियमित साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य चेकअप और नियमित जांच के भी निर्देश दिए।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 29 अक्टूबर

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को स्थान डॉ ए एच रिजवी शिया डिग्री कालेज में समय 12 बजे, जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र जी द्वारा किया जायेगा।आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। मतदाता सूची में नाम पंजीकरण कराने हेतु अथवा दावे व आपत्ति 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक जनपद में कुल नियुक्त 3531 बूथ लेविल ऑफिसर द्वारा छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने हेतु नियत प्रारूप 6 भराकर प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा या छूटे हुए लोग मतदाता बन सकते हैं। मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किये जाने हेतु नियत प्रारूप-7 प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन किये जाने, निवास परिवर्तन किये जाने, दिव्यांग के चिन्हीकरण एवं फोटो पहचान पत्र नष्ट या खोने पर दुबारा बनवाये जाने हेतु नियत प्रारूप-8 पर भराकर कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित, अपमार्जित एवं संशोधित करने हेतु आनलाइन वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

# जयराम मेंसे बने शिवसेना के उप जिला प्रमुख



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भायंदर में विधायक प्रताप सरनाई के जनसंपर्क कार्यालय पर पक्ष प्रवेश का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें पार्टी की जनाधार व जनादेश और विधायक प्रताप सरनाई की लोकप्रियता को देखते हुए भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष, समर्थकों ने पक्ष प्रवेश किया और पदभार संभाला। जिससे शिवसेना की ताकत और बढ़ेगी।इस विषय पर पूछे जाने पर प्रताप सरनाईक ने बताया कि यह सब हमारे अपने सभी कार्यकर्ताओं की ताकत है मै धन्यवाद देता हूं। धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि प्रताप सरनाईक अकेला कुछ नहीं कर सकता है। हमारे शिव सैनिक और पदाधिकारी मेहनत करते हैं तभी यह दिन देखने को मिलता है। मैं खुशनसीब हूं कि ऐसे सहयोगी मेरे पास है। उनकी बदौलत मुझे उसका फल विधानसभा में मिलता है। मीरा भायंदर शहर में हमारी ताकत है सभी जगह हमारे पदाधिकारी नियुक्त हैं। किसी पार्टी को लगता होगा उनकी ताकत ज्यादा है पर हमें भी यही लगता है कि हमारी ताकत बढ़ गई है। जिस तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूरे महाराष्ट्र में विकास कार्य को गति दिया है और मैं भी मीरा भायंदर की जनता के लिए विकास कार्य करता हूं और करता रहूंगा। यह सब देखते हुए मुझे जनता जनार्दन का प्यार व आशीर्वाद मिल रहा है।

# 133 वसई विधानसभा से भाजपा की श्रीमती स्नेहा नवीन दुबे प्रत्याशी घोषित



वसई (उत्तरशक्ति)। 133 वसई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की स्नेहा नवीन दुबे को उम्मीदवार बनाए जाने पर उत्तर भारतीयों में खुशी की लहर है। श्रीमती स्नेहा दुबे को भाजपा की उम्मीदवार बनाए जाने पर दुबे परिवार में खुशी की माहौल ब्याप्त है। डॉ ओमप्रकाश दूबे, जयप्रकाश दुबे, अमित ओमप्रकाश दुबे, नवीन दुबे, वसई से भाजपा नेता सुरेश प्रजापति, भाजपा नेता नरेंद्र भाई सोनी, विजय मिश्रा , अरुण श्रीवास्तव, दैनिक उत्तरशक्ति समाचार पत्र के पत्रकार राजेश वर्मा, पत्रकार आनंद कुमार मिश्रा, उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा, आशुतोष तिवारी, पंडित आचार्य दिनानाथ शुक्ल, जगदीश तिवारी सहित कई लोगों ने जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# बहादुरगढ़ की बेटी एंजेल प्रजापति ने एशियाई गेम्स में गोल्ड मेडल जीत कर किया नाम रोशन




बहादुरगढ़। नोएडा यू .पी. में आयोजित एशियन गेम्स ICO 2nd एशियाई क्रॉस मिनटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 स्पोर्ट्स में एंजेल उमरानियां प्रजापति ने गोल्ड मेडल जीत कर समाज और बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया। मूल रूप से गांव सोलधा निवासी रामफल प्रजापति की सुपोत्री अमन कुमार जो अभी बैंक कॉलोनी बहादुरगढ़ हरियाणा निवासी है की पुत्री एंजेल उमरानियां 8वीं कक्षा की छात्रा ने क्रॉस मिनटन स्पोर्ट्स अंडर सिक्सटीन (16) सिंगल्स नोएडा में आयोजित दूसरे एशियन गेम्स जिसमे इंडस वैली पब्लिक स्कूल उत्तर प्रदेश, कृष्णा हाइ स्कूल भगत सिंह कॉलोनी बहादुरगढ़ हरियाणा, जापान की टीम ने पार्टिसिपेट किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में एंजेल प्रजापति ने गोल्ड मेडल, प्रिन्स सैनी ने ब्रॉन्ज मेडल, सक्षम बेनीवाल ने ब्रॉन्ज मेडल, से जीत हासिल की। बच्चो के जीत कर लौटने पर कोच मोहम्मद कासिम बरेली, कोच रामसेवक नजफगढ़ ने बधाई देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कृष्ण हाई स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य श्री विनोद रोहिल्ला और स्कूल स्टाफ ने स्वागत करते हुए बधाई दी। घर परिवार के लोगों चाची ताई ने शशी, ऊषा, मोनिका, कविता, व अन्य सदस्यों ने पड़ोसियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# सीए एके ठुकराल चुने गए आईएसीसी वाराणसी डेस्क के चेयरमैन

**0-नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के साथ ही अपना पद भार ग्रहण किया**

**0-संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच औद्योगिक, आर्थिक, व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : ठुकराल**

-सुरेश गांधी

**वाराणसी**। इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, वाराणसी डेस्क के मैनेजिंग कमेटी की वार्षिक बैठक में सीए अशोक कुमार ठुकराल चेयरमैन चुने गए। रविवार को निवर्तमान चेयरमैन सीए शिशिर उपाध्याय की अध्यक्षता में कैंटोनमेंट में स्थित होटल में आयोजित बैठक में वर्ष 2024-2025 के लिए मैनेजिंग कमेटी का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें चुने गए एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।

चुने गए पदाधिकारियों में चेयरमैन सीए अशोक कुमार ठुकराल, प्रथम उप चेयरमैन बीएन जॉन, द्वितीय उप चेयरमैन रवि पटौदिया के अलावा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य के रुप में अलोक बरनवाल, डॉ. अनीता पीडे, भरत कुमार अग्रवाल, वीराज अग्रवाल, बीएन दुबे, सीए ब्रजेश जायसवाल, इम्तियाज अहमद, भरत लाल मौर्या, राजेश कुमार एवं को-ऑप्टेड सदस्य खाकसार




आलम, रेयाजुल हसनैन, सीए कमलेश अग्रवाल शामिल है। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने तत्काल प्रभाव से अपना पदभार संभाल लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के निवर्तमान चेयरमैन शिशिर उपाध्याय, पूर्व चेयरमैन मुकुल शाह, सुदेशना बासु, राजेश कुमार तिवारी एवं एसोसिएशन के क्षेत्रीय कमेटी, नई दिल्ली के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश मुंद्रा एवं एसोसिएशन के राष्ट्रीय कमेटी, मुंबई के सदस्य अहसान आर खान ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाये दी।

तत्पश्चात पुनर्निर्वाचित चेयरमैन सीए अशोक कुमार ठुकराल ने बताया कि पिछले वर्ष एसोसिएशन ने उद्यमियों एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक उपयोगी सेमिनार का आयोजन किया। जिसका भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने पूर्ण लाभ उठाया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी सदस्यों के सहयोग से आईएसीसी वाराणसी डेस्क आगे भी संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच औद्योगिक, आर्थिक, व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वाराणसी डेस्क विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के कंपनियों को इंडिया में इन्वेस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य करेगा, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में।

नवनिर्वाचित चेयरमैन सीए अशोक कुमार ठुकराल एवं उप चेयरमैन बीएन जॉन एवं रवि पटौदिया ने बताया कि आईएसीसी. वाराणसी डेस्क अपने सदस्यों के समस्याओ को दूर करने के लिए कटिबद्ध है एवं एसोसिएशन को सभी सदस्यों के सहयोग से नई उचाईयो पर ले जाने का प्रयाश करेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि इसके साथ ही आई. ए. सी. सी. अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यार्थीओ एवं समाज के अन्य वर्गो के लिए भी कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

# माँ सुशील सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया

नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। सोमवार को माँ सुशील सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने नालासोपारा में अपने 8वां स्थापना दिवस मनाया जो इसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। यह दिन सामुदायिक लाभ के लिए कई प्रभावशाली कार्यक्रमों से भरा हुआ था।

समारोह की शुरूआत स्वर्गीय माँ सुशील देवी जी को श्रद्धांजलि देकर हुई। जिसने एक आभार और विचार का माहौल स्थापित किया। पहले कार्यक्रम में संतोष भवन क्षेत्र के छात्रों के लिए एक जीवंत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उनके कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। रंगोली प्रतियोगिता के बाद, स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता सत्र का




आयोजन किया गया। जिसमें श्री नरसिंह दुबे चैरिटेबल ट्रस्ट और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने भाग लिया। डॉ. प्रियंका विश्वकर्मा ने स्तन कैंसर जागरूकता पर एक सत्र लिया। डॉ. चंद्रा प्रजापति ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया और डॉ. प्रियंका कदम ने माताओं और बच्चों के लिए पोस्ट-नैटल देखभाल पर चर्चा की। सत्रों के बाद 12 डॉक्टरों की एक टीम ने क्षेत्र की 150 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

दिन का अंतिम मुख्य आकर्षण सोनी क्लासेज(गौराई पढ़ा)और श्री. आर.एस. दुबे हाई स्कूल में आयोजित पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां 500 से अधिक नोटबुकें वंचित छात्रों में वितरित की गईं।

यह सफल कार्यक्रम विशाल गुप्ता( लायंस आदर्श हाई स्कूल), आशुतोष सिंह और सोनी क्लासेज की टीम, आलोक सिंह(आर.एस. दुबे हाई स्कूल) के सहयोग से संभव हुआ। इस अवसर पर नरसिंह दुबे चैरिटेबल ट्रस्ट और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को भी दिया गया साथ ही श्रीमती पूर्वी सिंह, सत्य त्रिपाठी, राकेश पटिल, मोहित दुबे और माँ सुशील सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी दान दाताओं को जिन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया सभी को विशेष धन्यवाद दिया गया।

# मौन अलार्म से टीकाकरण के माध्यम से आशा की किरण तक

ठाणे। मेनिनजाइटिस एक गंभीर टीका रोकथाम योग्य संक्रमण है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पैदा करता है। विश्व मेनिनजाइटिस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। हर साल वैश्विक स्तर पर 2.5 करोड़ से अधिक मामले सामने आने के साथ, मेनिनजाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि इस बीमारी से मरने वालों में से लगभग 70% पांच साल से कम उम्र के बच्चे हैं। मेनिनजाइटिस मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी (मेनिन्जेस) के आसपास की परत की सूजन है और यह आमतौर पर बैक्टीरिया, फंगल या वायरल संक्रमण के कारण होता है। मेनिनजाइटिस के रोगियों की नैदानिक विशेषताएं कारण, रोग के पाठ्यक्रम (एक्यूट, उप-एक्यूट या क्रोनिक), मस्तिष्क की भागीदारी (मेनिंगो-एन्सेफलाइटिस) और प्रणालीगत जटिलताओं (जैसे, सेप्सिस) के आधार पर भिन्न होती हैं। मेनिनजाइटिस के सामान्य लक्षण हैं गर्दन में अकड़न, बुखार, भ्रम या बदली हुई मानसिक स्थिति, सिरदर्द, मतली और उल्टी। दौरे, कोमा और तंत्रिका संबंधी कमी (उदाहरण के लिए श्रवण या दृष्टि हानि, संज्ञानात्मक हानि, या अंगों की कमजोरी) कम आम लक्षण हैं। भारत मेनिनजाइटिस से संबंधित मौतों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन देशों में से एक है।

# पैन इंडिया फिल्म मटका का टीजर हुआ रिलीज



मुंबई। दीवाली के अवसर पर एक और जबरदस्त, पैन इंडिया फिल्म मटका का हिन्दी टीजर जारी हुआ है जो दक्षिण भारत की भाषाओं के अलावा हिंदी में भी आने वाली है। 70-80 के दशक के मटका किंग की इस कहानी में साउथ के बड़े ऐक्टर वरुण तेज हैं, उनके साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी हैं। वैमइंडिया प्रस्तुत, निर्देशक करुणा कुमार की फिल्म मटका के टीजर में साउथ और बॉलीवुड फिल्म का पूरा मसाला नजर आता है। यह एक बहुत ही बड़ी फिल्म है जिसकी झलक इस टीजर में दिखाई देती है। यह एक माफिया बॉस की स्टोरी है जो मटका किंग के नाम से जाना जाता था। टीजर में हीरो की जबरदस्त एंट्री होती है। 70 के दशक के माहौल में सेट फिल्म में धांसू एक्शन की झलकियां भी है। नोरा फतेही का एक बेहतरीन डांस नम्बर भी धड़कन बढ़ाता है। जब तक इंसान की इच्छा नहीं मरेगी, मेरा यह धंधा भी नहीं मरेगा। जैसे कुछ याद रह जाने वाले डायलॉग भी हैं। व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट के बैनर तले व वाइड एंगल मीडिया के सहयोग से बनी पीरियड क्राइम और एक्शन ड्रामा फिल्म मटका के निमार्ता डॉ. विजेंद्र रेड्डी तीगाला और रजनी तल्लूरी हैं। प्रेजेंटर वामइंडिया है और हिंदी में सिनेमाघरों में इसका वितरण जय विरात्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड कर रही है। 14 नवम्बर 2024 को हिंदी में रिलीज कर रहे अनीश देव ने कहा कि इस फिल्म का कंटेंट देखकर हमें विश्वास हुआ कि यह केवल साउथ फिल्म नहीं है बल्कि यह एक पैन इंडिया सिनेमा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसका 60-70 के दशक में वर्चस्व था। उसकी स्टोरी में बहुत सारा रोमांच है, एक्शन है, और नेशनल अपील है। यह मास एंटरटेनर साउथ के साथ साथ हिंदी की सारी बड़ी मार्केट में भव्य रूप से रिलीज होगी। तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ फिल्म मटका हिंदी में भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने आ रही है।

# समाज विकास सेवा संघ द्वारा अतिगरीब आदिवासी भाई बहनों संग मनाई गई दीपावली

**दिया दर्शे ब्रह्मा जगत सृष्टि करता।**
**भवानी सदा शंभु ओ विघ्न हर्ता।।**
**महा विष्णु चिन्मूर्ति लक्ष्मी पधारी।**
**मनी आज अच्छी दिवाली हमारी।।**

**मुंबई**। नर सेवा - नारायण सेवा इन शब्दों को चरित्रार्थ करते हुए समाज विकास सेवा संघ के सदस्यों ने मूलगाँव, बदलापुर के अतिगरीब आदिवासी भाई बहनों के संग इस वर्ष 27 अक्टूबर 2024 को दीपावली मनाई। संगठन द्वारा मुंबई से 70 किमी दूर सामाजिक पिछड़ेपन व गरीबी झेल रहे आदिवासी इलाकों में जाकर गरीब रहिवासियों के लिए एक दीपावली कार्यक्रम आयोजित किया गया । गाँव के प्रत्येक परिवार भी दीपावली पर्व मना सकें। उनके घर भी दीपावली का दिया जल सके। तरसती निगाहों से मजबूर बच्चे भी दीपावली खुशी से मना सकें इस




उद्देश्य से गाँव के सभी रहिवासी परिवारों में दीपावली निमित्त अनाज, दीप, मिठाइयाँ, चॉकलेट, कंबल के साथ साथ पाणीटब जैसी जीवनावश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इसी के साथ साथ सभी रहिवासियों के लिए भोजन प्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। क्या बच्चा क्या बूढा क्या जवान सभी नें बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में अथक प्रयास करने वाले समाज विकास सेवा संघ के संस्थापक विनय मिश्रा, अध्यक्ष एडवोकेट पवन करकेरा, संगठन के महासचिव एएम न्यूज के रिपोर्टर कन्हैयालाल यादव, सचिव सचिन घेरवड़ा, नारी शक्ति की प्रेरणास्त्रोत वरिष्ठ कानूनी सलाहकार श्रीमती कस्तूरी व सचिन घेरवाड़ा, देवीप्रसाद दुबे, अरुन तिवारी, नारायण शॉ, अतुल यादव अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों की ओर से संयोजक महेंद्र भागवत और सुनील वलवी का विशेष सहयोग रहा। समाज विकास सेवा संघ एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है जो विभिन्न स्तर पर समाज के सामूहिक उत्थान, जनजागरण व राष्ट्रहित के कई महत्वपूर्ण कार्य करता है।

# घर-घर पधारेंगी मां लक्ष्मी संग श्रीगणेश, 3000 करोड़ से मुस्कराएगा बाजार, धनतेरस व दीवपावली के लिए दुल्हन की तरह सजे बाजार

वाराणसी। दीवाली खुशियों का त्योहार है। पांच दिवसीय पर्व 29 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पहले दिन धन व आरोग्य के देवता धन्वंतरि प्राक्ट्य पर्व धनतेरस मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी हो गयी है। इसे लेकर बाजार भी दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार है। वहीं लोगों का भी उत्साह चरम पर है। बाजारों में पांव रखने की जगह नहीं है। बाजार में करोड़ों का कारोबार हो चुका है, मंगलवार को भी जमकर धन की बारिश होगी। लोग अपनी मनपसंद सामान खरीदने के लिए अभी से प्री बुकिंग के साथ ही खरीदारी भी शुरू कर दिए हैं।

प्री बुकिंग करने के पीछे सोच है कि धनतेरस के दिन अधिक भीड़ का सामना न करना पड़े। खासकर कर बाजार में ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफरों के साथ-साथ बेहतरीन खूबियों वाले इलेक्ट्रानिक सहित अन्य सामाने बाजार में उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि त्योहारी सीजन में केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी एवं उसके आसपास जिलों में कारोबारियों को 3000 करोड़ की खरीदारी का उम्मींद है। जबकि पूरे देश की बात करें यह 5 लाख करोड़ के आसपास है। मार्केट उठने की प्रमुख वजह धनतेरस, दीवाली व छठ पर्व के साथ-साथ आगे वैवाहिक खरीदारी भी है।

वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा की मानें तो त्योहारी सीजन में फायदा व्यापारियों का होगा और मजबूत



होगी अर्थव्यवस्था। इस बार की दिवाली मार्केट के लिए शानदार रहेगी. मार्केट के चार प्रमुख सेक्टर बैंक, कंस्ट्रक्शन, ऑटो और मेटल बाजार की तेजी में अहम भूमिका निभा सकते हैं. इस बार बर्तन बाजारों में 60 फीसदी तक का ग्रोथ रहेगा। ऑटो सेक्टर भी फर्राटे भर रहा है। पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत तक चमक बढ़ गयी है। सजावटी सामानो का बाजार 40 फीसदी तो सरार्फा बाजार 20 प्रतिशत की ग्रोथ से मस्करा रहा है। फिरहाल, पर्व के मद्देनजर कोई पेट्रोल वाले दो पहिया वाहन तो कोई इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की बुकिंग कर रहा है। कोई लैपटॉप, डेस्कटॉप, तो कोई टीवी, ऐसी और फ्रिज की बुकिंग कर रहा है। कई लोग ऐसे हैं जो दीपावली व छठ को लेकर कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। खासकर बाजार में सर्दियों की नई-नई रंग व रेंज मंगाई गई है।

बाजार में पेट्रोल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक दो पहिया वाहनों की अच्छी मांग है। लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि पेट्रोल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के भी नई-नई रेंज बाजार में आ गए हैं। प्री बुकिंग से दुकानदार भी उत्साहित हैं। धनतेरस को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के साथ-साथ पेट्रोल वाले वाहनों में भी ऑफर चल रहा है। अलग-अलग कंपनियां अलग-अलग ऑफर दे रही हैं। ग्राहकों को खरीददारी पर आकर्षक उपहार के साथ में कैशबैक का भी लाभ मिल रहा है। साथ ही हर खरीददारी पर सिल्वर क्वॉइन दिया जा रहा है। खरीदारी पर स्क्रैच कूपन भी मिल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की खरीदारी पर जीरो डाउन पेमेंट और इएमआइ की भी सुविधा है। वाराणसी, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़ सहित पूरे पूर्वांचल के व्यापारियों की उम्मीद को भी बढ़ा दिया है. मतलब साफ है व्यापारियों के लिए धनतेरस व दिवाली दोनों पर्व धमाकेदार रहने वाली है. व्यापारी संगठनों का दावा है, इस दोहरी सौगात का असर सीधे बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। इस साल दीवाली सीजन में इतनी बड़ी रकम बाजार में आने से व्यापारियों को भी वित्तीय संकट से मुक्ति मिल सकती है। टीवी, घरेलू उपकरणों, एफएमसीजी खाद्य और गैर-खाद्य पदार्थ, कपड़ा आदि की ऑफलाइन और ई-कॉमर्स चैनल के जरिये बिक्री पिछले साल की तुलना में पहले ही 8-10 फीसदी की बढ़त हासिल कर चुके हैं। ग्राहक महंगाई व जीएसटी की हायतौबा के बाद भी खर्च करने को तैयार हैं। खास बात यह है कि इस वर्ष दिवाली में भारतीय उत्पादों की बिक्री एवं खरीद पर ही ज्यादा जोर रहने वाला है। इससे चीन के व्यापार का झटका लगा है. लोग भारत में ही बनी घर के सजावट के सामान, दिवाली पूजा के सामान जिसमें मिट्टी के दीये, देवता, दीवार पर लटकने वाले, हस्तशिल्प के सामान, देवी लक्ष्मी और श्री गणेश जी की पूजा का सामान, जो स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई है उसे ज्यादा पसंद कर रहे है।

# टाटा मोटर्स ने कस्टमर केयर महोत्सव का किया आयोजन

ठाणे। भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निमार्ता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चचाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा, हम इस साल कस्टमर केयर महोत्सव को दोबारा लाकर काफी उत्साहित हैं। इसकी शुरूआत 23 अक्टूबर से हो रही है। इस दिन का हमारे लिए खास महत्व है क्योंकि हमने 1954 में अपना इसी दिन पहला कमर्शियल वाहन बेचा था। अब हम इसे कस्टमर केयर डे के रूप में मनाते हैं। यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह महोत्सव हमारे सभी उपभोक्ताओं की जिंदगी में खुशियां बिखेरे, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में रहते हों।

# बच्चियों व महिलाओं की जागरूकता के लिए ''उम्मीद एक नई किरण'' संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम

**मुंबई(उत्तरशक्ति)**। देश में महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार से लेकर सामाजिक संगठन सदैव प्रयासरत हैं। लेकिन इन सबके बीच भी महिलाओं पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इन्हीं सबके बीच उम्मीद एक नई किरण चैरिटेबल ट्रस्ट (एनजीओ) ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बीड़ा उठाया है। वह महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उन्हें जागरूक करना, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें खेल के साथ-साथ अपनी सुरक्षा अपने से कैसे किया जाए उसके बारे में जानकारी देकर जागरूक कर रहा है। इसी क्रम में एनजीओ के आठवें स्थापना दिवस पर महिला मंडल स्कूल कुर्ला पश्चिम में एक कार्यक्रम आयोजित किया



गया। जहां पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित 5 वर्षों से 15 वर्ष तक की बच्चियों को जागरूक किया गया। वहां पर बच्चियों को अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे किया जाए, स्वास्थ के प्रति कैसे जागरूक रखा जाय व शिक्षा तथा खेल के प्रति भी उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं से निपटने के बारे में जानकारी साझा की गई। एनजीओ के अध्यक्ष संजय यादव ने अपनी टीम के साथ बच्चियों को खेलने की सामग्री बैडमिंटन, फुटबाल, सेनेटरी पैड, पानी के बाटल सहित दिवाली के शुभ अवसर है मिठाइयां देकर उनके साथ खुशियां बाटी। श्री यादव ने कहा कि आज के दिन हमने बच्चियों के साथ जो समय साझा किया है यह यादगार पल उनके जीवन में बना रहेगा और वह अपनी सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरुक रहेंगी। जो एक यादगार पल हमेशा उनके साथ रहेगा। इस अवसर स्कूल के पल्लवी पुजारी और सभी कर्मचारियों ने एजीओ टीम के सदस्यों को बधाई दी तथा उन्हें इसी तरह से कार्यक्रम कर-के बच्चियों के प्रति जागरूकता करने का बढ़ावा दिया। स्कूल की तरफ से एजओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ में एनजीओ द्वारा भी स्कूल के स्टाफ को कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए अपने तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन संजय यादव, राहुल यादव, रूपा सिंह, लक्षमण पेनडेकर, संतोष कॉम्प्ले, पूजा रुपानी, सरिता यादव, पिंटु, राम जी, रीता कोठारी, रमेश पेनडेकर, अंजली गोनकर, निकीता जाधव, गोल्डीराय, विनायक सिंह, संतोष गोंड, डॉ महाजन, साधना मदत, पल्लवी, हीरा अन्य सदस्यों के उपस्थित रहे।